भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †147
सोमवार, 25 नवम्बर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हील इन इंडिया

†147. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा 'हील इन इंडिया' ब्रांड के अनुरूप तमिलनाडु को चिकित्सा पर्यटन केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चिकित्सा स्वास्थ्य पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति और रूपरेखा के अनुरूप कोई योजनाएं विकसित की गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। वर्तमान में चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में, चिकित्सा और निरोगता पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन किया जाता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारत में चिकित्सा उपचार का लाभ उठाने के इच्छुक लोगों के लिए मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है। पोर्टल को वेब-लिंक https://healinindia.gov.in के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।

चिकित्सा उपचार के लिए विदेशी नागरिकों की भारत यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारत सरकार ने 167 देशों के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीज़ा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीज़ा की सुविधा प्रदान की है।

******